अग्रवाल महाविद्यालय में यूवा रैड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक यूवा रैड क्रॉस और इंडियन रैड क्रॉस सोसायटी हरियाणा शाखा के निर्देशानुसार अग्रवाल महाविद्यालय में दिनांक 20 मई 2019 से 24 मई 2019 तक चलने वाले पाँच दिवसीय जिला स्तरीय यूवा रैड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आज शुभारंभ हुआ। इस शिविर में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के 6 काऊंसलर व 50 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं, जिनमें राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद, डी.ए.वी. शताब्दी महाविद्यालय फरीदाबाद, के.एल.मेहता दयानंद महाविद्यालय फरीदाबाद, राजकीय महाविद्यालय खेडी गुजरान, अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन व स्वयं अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ ।

शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. रणदीप राणा (कार्यक्रम संयोजक) यूथ रैड क्रॉस, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि छात्र जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए 3C अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं – Courageous, Commitment और Compassion . महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त जी ने बताया कि रैड क्रॉस का ये जमा (प्लस) का लाल चिन्ह हर एक के जीवन में नसीब नहीं होता, केवल कुछ ही को भगवान द्वारा सेवा प्रदान करने का यह आर्शीवाद प्रदत्त किया जाता है। शिविर संयोजक डॉ. जयपाल सिंह ने पाँच दिनों में होने वाली सभी गतिविधियों पर प्रकाश डाला व अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। उद्‌घाटन सत्र में मंच संचालन का कार्य श्रीमती किरण आनन्द द्वारा किया गया। जिला रैड क्रॉस फरीदाबाद से प्रशिक्षक श्री रतन सिंह आजाद व श्री दर्शन भाटिया, अग्रवाल कॉलेज ऑाफ एजुकेशन के काऊंसलर श्री राजेन्द्र प्रसाद, राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद के काऊंसलर डॉ. राकेश पाठक, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के काऊंसलर श्री सुभाष व श्री लवकेश भी इस अवसर पर मौजूद रहे ।